# पत्थर भी न छू पाए राम सेना को, कालादेव की अनोखी परंपरा

**खास बातें**

- राम सेना पर करते पत्थरों की बरसात
- सदियों से चली आ रही परम्परा





**नवभारत न्यूज**
**आनंदपुर 3 अक्टूबर,** विदिशा जिले की लटेरी तहसील का छोटा सा गाँव कालादेव हर साल दशहरे पर आस्था और परंपरा का ऐसा अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है, जिसे देखने दूर-दूर से लोग उमड़ पड़ते हैं. यहां दशहरा पर रावण का दहन नहीं किया जाता बल्कि मनुष्य के अंदर की बुराइओ का दहन किया जाता है, क्योंकि इसमें शामिल है सदियों पुरानी एक अनोखी परंपरा, जहाँ पत्थरों की बरसात भी राम सेना का एक बाल भी बाँका नहीं कर पाती.

### रथ और मेले की भव्यता

भगवान राम का रथ जब गाँव की गलियों से निकलता है, तो हर घर दीपों से जगमगा उठता है.महिलाएँ थाल सजाकर आरती करती हैं और बच्चे जयकारों में शामिल होकर माहौल को और भी जीवंत बना देते हैं.मैदान में सजाया गया रथ श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र होता है.दशहरे के दिन यहाँ न सिर्फ आसपास के गाँवों से बल्कि दूर-दराज़ से भी हजारों श्रद्धालु पहुँचते हैं.इस बार भी मेले में भारी भीड़ उमड़ी.

### जनप्रतिनिधि और नेताओं ने भी झुकाया शीश

दशहरे की इस परंपरा में जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए. विधायक उमाकांत शर्मा ने रथ पर विराजमान भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और इस आस्था के पर्व को नमन किया.

### सदियों से कायम है विश्वास

कालादेव का यह दशहरा मेला केवल उत्सव नहीं है, यह विश्वास का प्रतीक है कि जब जीवन में बुराई कितनी ही ताकतवर क्यों न हो, अच्छाई की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं.यह परंपरा केवल पत्थरों के न लगने की कहानी नहीं, बल्कि यह संदेश देती है कि विश्वास और आस्था की ताकत से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है.

### राम और रावण के बीच अनूठा युद्ध

गाँव के मैदान में जब भगवान राम का रथ आकर्षक सजावट के साथ प्रवेश करता है, तो चारों ओर जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठते हैं.तभी रावण की सेना मंच पर आती है और शुरू हो जाता है एक विचित्र युद्ध.यह युद्ध न तीर-कमान से होता है और न ही तलवार-भालों से. यहाँ रावण दल के लोग गोतियों (पत्थरों) से राम की सेना पर वार करते हैं.पत्थरों की बौछार से पूरा मैदान थर्रा उठता है, पर आश्चर्य की बात यह है कि कोई भी पत्थर राम सेना के योद्धाओं को छू भी नहीं पाता.गाँव वालों का विश्वास है कि यह श्रीराम की दिव्य शक्ति है, जो हर पत्थर की दिशा बदल देती है.

### स्थानीय लोग ही बनते हैं श्रीराम के सिपाही

इस परंपरा की एक और खासियत है—राम सेना में केवल स्थानीय ग्रामीण ही शामिल होते हैं. कहा जाता है कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति राम सेना का हिस्सा बन जाए तो पत्थर लगने का खतरा रहता है। यही वजह है कि पीढ़ी दर पीढ़ी गाँव के लोग ही राम के सिपाही बनकर इस अनोखी परंपरा को जीवित रखे हुए हैं

## शमशाबाद में रावण दहन, जय श्रीराम के नारों से गूंजा मेला ग्राउंड

**नवभारत न्यूज**
**शमशाबाद.** विजयादशमी पर्व पर नगर परिषद शमशाबाद द्वारा मेला ग्राउंड प्रांगण में भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कागपुर की प्रसिद्ध रामलीला मंडली ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.कार्यक्रम के चरम पर प्रभु श्रीराम ने विशालकाय रावण के पुतले को अग्नि बाण से दहन किया, जिसके साथ ही वातावरण जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा. रावण दहन का यह दृश्य देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे.मेला ग्राउंड खचाखच भरा रहा और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक पर्व का आनंद लिया.इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, भाजपा नेता मनमोहन यादव, तहसीलदार प्रेमलता पाल,नगर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार,सी एम ओ अनिल विदुआ, नायाब तहसीलदार डॉ दर्शन लाल नेगी,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, उमाकांत झा,पार्षद मदन कुशवाह,जुगल चौकसे,मनमोहन साहू,दीपक मेहर,रिंकू भार्गव,कान्हा धाकड़, डॉ सतीश दुबे आदि उपस्थित थे.



## महिला साहू समाज के गरबा महोत्सव में हुआ सम्मान समारोह

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई, नगर के राजाराम दरबार कर्मादेवी मंदिर में महिला साहू समाज द्वारा गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया.विजयदशमी के पावन अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं ने पारंपरिक परिधानों में आकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं एवं छात्राओं को शिक्षा, कला और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया.**

मुख्य अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना और एकता को मजबूती प्रदान करते हैं. गरबा नृत्य के माध्यम से नारी शक्ति का सम्मान और देवी माँ की आराधना का संदेश भी प्रसारित होता है। इस अवसर पर महिला सदस्यों ने नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कारों की ओर प्रेरित करने की अपील की.कार्यक्रम का संचालन महिला समिति की सदस्यों द्वारा किया गया तथा अंत में समाज की ओर से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। गरबा महोत्सव के साथ हुआ यह सम्मान समारोह महिला शक्ति को प्रोत्साहन और समाज में नई ऊर्जा का संचार करने वाला है

## घर के ऊपर बिजली का टूटा तार, सात लोग आए करंट की चपेट में



**नवभारत न्यूज**
**सांची, इस नगर में बिजली केवल का जाल तो बिछा दिया गया ऐसे नगर भर मे अनेक घर हैं जिनके ऊपर से बिजली लाईन अथवा तार गुजरे हुए है अनेक बार ऐसी संभावना जताई जा चुकी हैं कि कभी भी नगर में बडी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है हालांकि जिसकी संभावना थी वहीं घटना घट गई मंडल अधिकारी फिर भी बेफिक्र होकर चैन की नींद सो रहे है.**

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह नौ बजे वार्ड नं 6 मे तब अफरातफरी मच गई जब बघेल परिवार के घर पर बिजली तार टूट कर गिर गया तथा लाइन चालू रहने से घर पर करंट फैल गया जिससे घर के सात लोग करंट की चपेट में आ गए.यह सब एक ही परिवार के बताए जाते है तार टूटते ही घर के सभी सात लोग करंट की चपेट में आ गए वार्ड नं के रहनेवाले राकेश बघेल ने बताया कि बिजली तार टूट कर घर पर गिर गया इससे परिवार के सभी सात लोगों को करंट लग गया इनमे दो मासूम बच्चे भी शामिल है तथा पांच घर के बडे लोग हैं एवं फूलबाई 70 वर्षीय बृद्ध भी चपेट में आई हैं घायलों में 70 वर्षीय फूलबाई 30 वर्षीय दीपकुमारी 32 वर्षीय रामसखी 18 वर्षीय आयुशी14 वर्षीय अनुशिखा एवं 43 वर्षीय आशा बघेल शामिल है करंट लगते ही सभी को सिविल अस्पताल सांची लाया गया जहाँ उनका उपचार किया गया.इनमे दो गंभीर घायल व्यक्तियों को मेडिकल कालेज विदिशा रिफर किया गया ।सभी की हालत में सुधार हो रहा है.बताया जाता हैं बिजली के तार अनेकों घरों के ऊपर से गुजरे हुए हैं हालांकि अनेकों बार विद्धुत मंडल के अधिकारियों से घरों से गुजरे तार हटाने की मिन्नत की गई परन्तु अडियल अधिकारी बेखबर बने रहे पहले भी अनेक बार घरों से गुजरे तारो से अनहोनी की आशंका जताई गई थी परन्तु मंडल अधिकारी न तो देखने न ही सुनने को तैयार दिखाई दिये आखिर कार बडी घटना घटित होते ही नगर भर मैं अफरातफरी मच गई अस्पताल में भीड़ जमा हो गई इसी अवसर पर नप अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने भी अस्पताल पहुंच कर सभी का हालचाल जाना इसी मामले में वि.म के जेई मनीष कुमार ने बताया कि बिजली की यह लाइन काफी पुरानी है तथा लोगों के मकान बनते गए एवं बिजली के तार मकानों के ऊपर आते चले गए अब न ई लाई डाली जा रही हैं वह मकानों से हटकर डल रही हैं तथा लाइन दुरुस्त की जा रही हैं इस घटना की जानकारी हमनें वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी हैं तथा हम बिजली लाईन शीध्र ही मकानों से हटाकर व्यवस्थित करेंगे.

## सर्वे भवन्तु सुखिन : के विचार के साथ आगे बढें-केएसयादव

### सैण्ट एसआरएस स्कूल में गांधी ,शास्त्री जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस.पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गांधी एवं शास्त्री जयंती और सेवा पखवाड़ा के समापन अवसर पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.**

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों और स्कूल के शिक्षक परिवार को सम्बोधित करते हुए संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि भारत का मूलमंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः ,सर्वे संतु निरामया के भाव को लेकर महापुरुषों ने देश का विकास किया है. इसी भावना के साथ महात्मा गांधीजी और पूर्व प्रधानमंत्री कर्मयोगी लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश का नेतृत्व किया था. सभी व्यक्तियों में कुछ अच्छाइयां होती हैं तो कुछ कमियां भी.हमें अच्छाइयों को अपनाते हुए देश के लिए काम करना चाहिए.कार्यक्रम में शिक्षक अजय विश्वकर्मा एवं दीपाली राजपूत ने कविताओं के माध्यम से महापुरुषों का स्मरण किया. वहीं शिक्षिका श्रीमती रंजू राठौर ने सत्संग के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने बच्चों में संस्कार डालने की बात सुमधुर कविता के माध्यम से कही। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन कार्यक्रम की शुरुआत की.अतिथियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.दीपाली राजपूत, राधिका दांगी एवं सिद्धि शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की.एन.एस.एस .बालक इकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन एवं कृतित्व को प्रसंगों के माध्यम से समझाया.बालिका इकाई प्रभारी श्रीमती रजनी गुप्ता ने आभार व्यक्त किया.कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दिनकर कद्रे ने किया.कार्यक्रम में कार्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल, डॉक्टर कमला चतुर्वेदी ,श्रीमती प्रीति माथुर, सोनू राय, अंसारी जी ,संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा.




## वृद्धजनों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**हैदरगढ़,अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर ग्राम पंचायत हैदरगढ़ में वृद्ध जनों को फूलमाला पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया.**

वृद्ध जनों का ग्राम पंचायत हैदरगढ़ में उनका सम्मान किया. ग्राम पंचायत हैदरगढ़ में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया.इस दौरान सम्मान समारोह के कार्यक्रम में नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन,ग्राम पंचायत सचिव हेमंत सोनी, पटवारी मेहताब सिंह, सरपंच सुनील विश्वकर्मा ,उप सरपंच राकेश पंथी ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

## करणी सेना ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** करणी सेना शौर्य प्रदर्शन के साथ-साथ समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाने लगी है. करणी सेना ने नगर में जरूरतमंद लोगों को भोजन और फल वितरण किए. इस दौरान मानव सेवा समिति और अस्पताल में भोजन, फल और मिठाई वितरण कर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर के सुपुत्र प्रबल प्रताप सिंह तोमर रघु भैया का जन्म दिवस मनाया.करणी सेवा के तहसील अध्यक्ष संजय सिंह चौहान पटरा ने बताया कि प्रबल प्रताप तोमर राजपूत समाज के गौरव और युवाओं के चाहते हैं. जो करणी सेना सहित युवाओं के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं. जिनकी दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना की गई. करणी सेना समय सेवा के दौरान ऐसे जन्मोत्सव, राष्ट्रीय, सामाजिक, एवं स्थानीय पर्वों का आयोजन करती रहेगी. इस दौरान करणी सेना अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह दांगी, पृथ्वी सिंह चौहान, बिपेन्द्र चौहान, शैलेंद्र चौधरी, नेतराम साहू, वैभव सिंह राजपूत, केजी राजपूत, उदय सिंह तोमर, जितेंद्र तोमर, हनुमत सिंह राजपूत, राजपाल भदोरिया, नितेंद्र सिंह चौहान, शैलेंद्र सिंह तोमर, अंकित राजपूत, सचिन राजपूत, धर्मेंद्र सिंह सहित समस्त करणी सेना के सदस्य उपस्थित थे.

## स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत बनाकर ,बापू का सपना करें पूरा-कादरी

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा पचमा गमाखर रोड स्थित फुटेरा शरीफ पर सैयद बाबा साहब फुटेरा की दरगाह मे स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत सेवा पर्व मनाया गया.**

**इस मौके पर गौ** सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा लाल बहादुर शास्त्री अनुकरणीय नेतृत्व, शक्ति और निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक थे. जय जवान जय किसान' के उनके आह्वान ने हमारे लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई. वह हमें एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रयास में प्रेरित करते रहते हैं. हमारे राष्ट्रपिता बापू जीवन भर स्वदेशी पर अत्यधिक जोर देते रहे .उनका मानना था भारतीयों को भारतीय द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदना बेचना चाहिए। इस अवसर पर श्री कादरी ने सभी से बापू के सपनो का भारत बनाने शत प्रतिशत स्वदेशी अपनाने , भाषा , वेशभूषा व भोजन विचार भी स्वदेशी हो इस पर विचार करने का आह्वान करते हुए.स्वच्छ शहर गाव राष्ट्र बनाकर प्रदूषण दूर कर पालीथीन का इस्तेमाल रोकने की बात कही.जिला संयोजक सैयद शादाब अली ने नशा मुक्त भारत बनाने सभी युवाऔ से आगे आकर जुआ सट्टा नशा मुक्त गाव नशा मुक्त समाज और नशा मुक्त देश बनाने का संकल्प दिलाया। इसी तरह शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी मे छोटे छोटे बच्चो ने मंदिर परिसर के आसपास साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया.साथ ही शाला प्रांगण मे गाजर घास उन्मूलन अभियान चलाया . इस अवसर पर अध्यक्ष चतर सिंह लोधी, समाजसेवी फेरन सिंह ने बच्चो को घर मे जरूरत के हर सामान मे ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी इस्तेमाल की बात कही .इस अवसर पर पंडित,जी बालाराम , शिक्षक महेंद्र सिंह , जगमोहन लोधी, प्रीतम भोलाराम, देवेंद्र ने बच्चो के प्रोत्साहन के लिऐ उनको कलम भेंट कर पुरूस्कृत भी किया.

## गांधी जयंती पर हुए कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**सांची,** नगर में मंगलवार को महात्मा गांधी की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन दर्शन और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला गया.कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, पार्षद विवेक तिवारी, सीएमओ रामलाल कुशवाहा सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.गांधी जयंती पर नगर परिषद टीम ने सिविल अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हें फल वितरित किए.इस दौरान बीएमओ डॉ. रवि राठौर समेत अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

**सम्मान** | **दशहरा शस्त्र पूजन एवं मिलन समारोह में शॉल साफा से समाज के वरिष्ठों का किया सम्मान**

# शस्त्र पूजन और वरिष्ठों के सम्मान से निभाई परंपरा



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,रघुवंशी समाज द्वारा दशहरे पर पहली बार आयोजित किए गए सामूहिक शस्त्र पूजन के साथ वरिष्ठों का सम्मान कर गौरवशाली परंपरा निभाते हुए समाज में संगठन शक्ति, एकता और सेवा भाव के साथ, संस्कार और संस्कृति का संदेश दिया. शस्त्र पूजन के मौके पर आयोजित हुए इस गरिमामय आयोजन में वरिष्ठजन और युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति के बीच समाज बंधुओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया. इस मौके पर मंच से एक परिवार, एक हथियार का आह्वान करते हुए कार्यक्रम में समाजहित और परमार्थ कार्यों पर सामूहिक मंथन किया गया. कार्यक्रम के दौरान समाज ने अन्न क्षेत्र, छात्रावास और प्रतिभाओं के सम्मान जैसे सेवा प्रकल्पों को प्रारंभ करने पर विचार किया गया.**

मालूम हो कि गुरुवार को रघुवंशी समाज का सामूहिक रूप से शस्त्र पूजन का कार्यक्रम बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में संपन्न हुआ. अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के आव्हान पर आयोजित हुए दशहरा शस्त्र पूजन एवं मिलन समारोह का शुभारंभ वरिष्ठजनों द्वारा भगवान श्रीरामचंद्र जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन और जय श्रीराम के उद्घोष से हुआ.समाजजनों ने सामाजिक रूप से शस्त्रों की पूजन कर उन पर पुष्प वर्षा की.शस्त्र पूजन के पश्चात उपस्थित समाज बंधुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया.समारोह को संबोधित करते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि शस्त्र पूजन क्षत्रियों की पुरानी परंपरा है.आज सामूहिक रूप से शस्त्र पूजन समाज की एकता और संगठन शक्ति का संदेश देता है.समाज को ऐसे आयोजनों के साथ ही और भी कदम बढ़ाने चाहिए जो जनहित और समाज हितकारी हों. पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि शस्त्र पूजन केवल हमारी क्षत्रिय परंपरा का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह हमें शक्तिशाली समाज की सामूहिक शक्ति का भी आभास कराता है. जब समाज एकत्र होकर अपने धर्म और संस्कृति के प्रति संकल्पित होता है तो उसकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी पूर्व जनपद अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के आव्हान पर पहली बार पूरे मध्यप्रदेश में रघुवंशी समाज द्वारा सामूहिक शस्त्र पूजन के आयोजन कि पहल प्रारंभ की गई है. भविष्य में इसका विस्तार गांव-गांव तक किया जाएगा.कार्यक्रम में शस्त्र पूजन के साथ-साथ अतिथियों द्वारा समाज के वरिष्ठजन गणेशराम रघुवंशी पूर्व मंडी सचिव, नारायण सिंह रघुवंशी पूर्व शिक्षक, अजबसिंह रघुवंशी तिलाखेजड़ा,फूलसिंह रघुवंशी पूर्व शिक्षक, योग शिक्षक महेंद्र सिंह रघुवंशी, सनमान सिंह रघुवंशी पूर्व शिक्षक एवं शंभू सिंह रघुवंशी डफरआई, का शॉल, साफा और पुष्पमालाओं से सम्मान किया. इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने रघुवंशी समाज की ओर से अन्न क्षेत्र, छात्रावास और शिक्षा, खेल, कला और अन्य क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने जैसे सेवा प्रकल्पों पर अपने विचार रखते हुए सामूहिक रूप से विचार विमर्श कर इस दिशा में भी पहल बढ़ाने का आवाहन किया, ताकि सेवा और शिक्षा की दिशा में स्थायी कदम उठाए जा सकें.

## सेवा पखवाड़ा के तहत हुए बौद्धिक, समाजिक और शारीरिक क्षमताओं के काम

**नवभारत न्यूज**
**पठारी**,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाल बामोरा में सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक निरंतर छात्र-छात्राओं में बौद्धिक, समाजिक और शारीरिक क्षमताओं को बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं का जैसे लेखन, वक्तव्य कौशल, स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला, मैराथन नमों, राष्ट्रीय प्रतीक पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जागरूकता, संतुलित आहार योगाभ्यास,पानी पीने पर ट्रेकिंग, स्वच्छता प्रतिज्ञा, लोकल फॉर वोकल और अंतिम दिवस पर एकता वृक्ष व एक पेड़ माँ के नाम पर बहुत ही मनमोहक चित्रकारी बच्चों प्रस्तुति की गई और स्वदेशी अपनाओ भारत को विकसित बनाओ थीम पर सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किये इस दौरान शिक्षक चिंतामनि जाटव, बालमुकुंद शर्मा,अनिबेश नामदेव, गिरजा कुशवाहा ,मुकेश कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह, संदीप प्रजापति, शवाना अख्तर, राहुल ठाकुर, प्रीति राय,विश्वनाथ ठाकरे एवं प्रमोद चौहान के द्वारा समय-समय पर बच्चों का मार्गदर्शन देकर प्रोत्साहित किया.

( ग्यारसपुर लोक कल्याण समिति द्वारा संचालित )

**कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज**

(BCI से अनुमोदित मप्र.शासन उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त)
ग्राम-सुआखेड़ी अटारी खेजड़ा के पास, जिला विदिशा म.प्र.
मो.: 9893016700 E-mail ID: kbtcollage9@gmail.com

**:: विज्ञापन ::** दिनांक 3.10.2025

अशासकीय कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज में कॉलेज कोड-28 के अंतर्गत शिक्षकीय पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र.स. | पदनाम | पदों की संख्या | विषय | योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | 10 | लॉ (सभी विषय) | UGC एवं BCI के नियमानुसार | UGC/राज्य शासन/ सोसायटी के नियमानुसार |

इच्छुक अभ्यार्थी अपने बायो डाटा एवं समस्त आवश्यक दस्तावेज (यथा, अंकसूची, उपाधी, प्रमाण पत्र सहित) की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ 15 दिवस के अंदर उपरोक्त महाविद्यालय के पता एवं ईमेल आईडी kbtcollage9@gmail.com पर भेज सकते हैं।

संचालक